**Series : WXYZ/S** **SET~3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **59/S/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***

| | नोट | # | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं। | (I) | Please check that this question paper contains **19** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। | (II) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं। | (III) | Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** | (IV) | **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

*(ii)* प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।

*(iii)* **खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **12** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।

*(iv)* **खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **13** से **18** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **60** शब्दों में लिखिए।

*(v)* **खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **19** से **23** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-*I* के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** से **120** शब्दों में लिखिए।

*(vi)* **खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **24** से **26** अवतरण, कार्टून तथा मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर यथानुसार लिखिए।

*(vii)* **खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **27** से **30** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-*II* के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **170** से **180** शब्दों में लिखिए।

*(viii)* प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में से केवल **एक** ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए।

*(ix)* इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **12** तक बहुविकल्पीय प्रकार के **1** अंक के प्रश्न हैं।* *12×1=12*

**1.** उस राज्य की पहचान कीजिए जिसका गठन 1952 में किया गया।

(A) गुजरात (B) आन्ध्र प्रदेश

(C) गोवा (D) उड़ीसा

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन वैश्वीकरण के बारे में ***सत्य*** है ?

(A) वैश्वीकरण को संयुक्त राष्ट्र द्वारा बढ़ावा दिया गया।

(B) वैश्वीकरण केवल एक आर्थिक परिघटना है।

(C) वैश्वीकरण अमीर लोगों के विरुद्ध है।

(D) वैश्वीकरण का कारण उन्नत प्रौद्योगिकी है।

**_General Instructions :_**

_Read the following instructions very carefully and follow them :_

_(i)_ _This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**._

_(ii)_ _Question paper is divided into **five** sections – **Sections A**, **B, C, D** and **E**._

_(iii)_ _**Section A** – questions number **1** to **12** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark._

_(iv)_ _**Section B** – questions number **13** to **18** are Short Answer type questions. Each question carries **2** marks. Write answer to each question in **50** to **60** words._

_(v)_ _**Section C** – questions number **19** to **23** are Long Answer type-I questions. Each question carries **4** marks. Write answer to each question in **100** to **120** words._

_(vi)_ _**Section D** – questions number **24** to **26** are Passage, Cartoon and Map-based questions. Each question carries **4** marks. Answer each question accordingly._

_(vii)_ _**Section E** – questions number **27** to **30** are Long Answer type-II questions. Each question carries **6** marks. Write answer to each question in **170** to **180** words._

_(viii)_ _There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only **one** of the choices in such questions has to be attempted._

_(ix)_ _In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only._

## SECTION A

_Questions number **1** to **12** are Multiple Choice type questions, carrying **1** mark each._ _12×1=12_

**1.** Identify the state which was created in 1952.

(A) Gujarat (B) Andhra Pradesh

(C) Goa (D) Orissa

**2.** Which one of the following statements is _**true**_ about globalisation ?

(A) Globalisation was promoted by the United Nations.

(B) Globalisation is an economic phenomenon only.

(C) Globalisation is against the rich people.

(D) Globalisation is caused by advanced technology.

*प्रश्न संख्या **3** के लिए, दो कथन दिए गए हैं – जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए ।*

**3.** *अभिकथन (A) :* वैश्वीकरण के सांस्कृतिक परिणाम सदैव नकारात्मक होते हैं ।

*कारण (R) :* कभी-कभी वैश्वीकरण हमारे चयन को बढ़ा देती है, और कभी-कभी हमारी संस्कृति का परिष्कार होता है ।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है ।

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'विश्व बैंक' के बारे में सत्य ***नहीं*** है ?

(A) इसका गठन 1944 में किया गया था ।

(B) यह मानवीय विकास के लिए काम करता है ।

(C) यह अपने सदस्य देशों को ऋण और अनुदान देता है ।

(D) यह समाजवादी अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करता है ।

**5.** निम्नलिखित में से कौन एक संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ***नहीं*** है ?

(A) यूनिसेफ (B) विश्व स्वास्थ्य संगठन

(C) सुरक्षा परिषद् (D) यूनेस्को

**6.** निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) बर्लिन की दीवार का टूटना

(ii) अफगानिस्तान पर सोवियत आक्रमण

(iii) भारत-रूस सामरिक समझौता

(iv) सोवियत संघ का विघटन

सही विकल्प चुनिए :

(A) (i), (iii), (ii), (iv) (B) (ii), (i), (iv), (iii)

(C) (ii), (iii), (i), (iv) (D) (ii), (i), (iii), (iv)

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश मध्य एशिया में है ?

(A) ताजिकिस्तान (B) चेचन्या

(C) यूगोस्लाविया (D) तुर्की

*For Question number **3**, two statements are given — one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Read these statements carefully and choose the correct option as the answer from the options (A), (B), (C) and (D) given below.*

**3.** *Assertion (A) :* The cultural consequences of globalisation are always negative.

*Reason (R) :* Sometimes globalisation enlarges our choice, and sometimes modifies our culture.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**4.** Which one of the following statements in ***not*** true about the 'World Bank' ?

(A) It was created in 1944.

(B) It works for human development.

(C) It provides loans and grants to its member states.

(D) It encourages socialist economies.

**5.** Which one of the following is ***not*** an agency of the United Nations ?

(A) UNICEF (B) World Health Organisation

(C) Security Council (D) UNESCO

**6.** Arrange the following in chronological order :

(i) Breaking down of the Berlin Wall

(ii) The Soviet invasion of Afghanistan

(iii) Indo-Russian Strategic Agreement

(iv) Disintegration of the Soviet Union

Choose the correct option :

(A) (i), (iii), (ii), (iv) (B) (ii), (i), (iv), (iii)

(C) (ii), (iii), (i), (iv) (D) (ii), (i), (iii), (iv)

**7.** Which one of the following countries is in Central Asia ?

(A) Tajikistan (B) Chechnya

(C) Yugoslavia (D) Turkiye

8. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'नीति आयोग' के बारे में सही है ?
- (A) यह एक संवैधानिक निकाय है।
- (B) यह एक अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है।
- (C) इसका गठन 1 जनवरी, 2015 को हुआ था।
- (D) इसका गठन शिक्षा नीति बनाने के लिए किया गया था।

9. निम्नलिखित वाक्य को सही विकल्प से पूरा कीजिए :
प्रथम पंचवर्षीय योजना का पूरा ध्यान __________ पर केंद्रित था।
- (A) कृषि
- (B) प्रौद्योगिकी
- (C) उद्योगों
- (D) शिक्षा

10. कॉलम 'A' में दिए गए नेताओं का कॉलम 'B' में दी गई राजनीतिक पार्टियों के साथ सही मिलान कीजिए और उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए :

| | कॉलम 'A' | | कॉलम 'B' |
|---|---|---|---|
| (a) | दीनदयाल उपाध्याय | (i) | कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया |
| (b) | अशोक मेहता | (ii) | काँग्रेस पार्टी |
| (c) | सरदार पटेल | (iii) | सोशलिस्ट पार्टी |
| (d) | ए.के. गोपालन | (iv) | भारतीय जनसंघ |

**विकल्प :**
- (A) a-(ii), b-(iii), c-(i), d-(iv)
- (B) a-(iii), b-(ii), c-(iv), d-(i)
- (C) a-(iv), b-(i), c-(iii), d-(ii)
- (D) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i)

11. निम्नलिखित में से संविधान सभा की प्रारूप समिति का अध्यक्ष कौन था ?
- (A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
- (B) डॉ. भीमराव अम्बेडकर
- (C) पं. जवाहरलाल नेहरू
- (D) सी. राजगोपालाचारी

*प्रश्न संख्या **12** के लिए, दो कथन दिए गए हैं – जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए।*

12. *अभिकथन (A) :* केन्द्रीय सरकार ने 1953 में राज्यों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के प्रश्न पर विचार करने के लिए राज्य पुनर्गठन आयोग नियुक्त किया।
*कारण (R) :* अनेक लोग भाषाई आधार पर राज्यों के गठन के लिए संघर्ष कर रहे थे।

**विकल्प :**
- (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।
- (B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।
- (C) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।
- (D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।

**8.** Which one of the following statements about 'NITI Aayog' is correct ?

(A) It is a constitutional body.

(B) It is an international organisation.

(C) It was established on 1st January, 2015.

(D) It has been formed to frame education policy.

**9.** Complete the sentence with the correct option.

The First Five Year Plan focused on __________.

(A) Agriculture (B) Technology

(C) Industries (D) Education

**10.** Match the given Leaders in Column 'A' with the Political Parties listed in Column 'B' and choose the correct option :

| | Column 'A' | | Column 'B' |
|---|---|---|---|
| (a) | Deendayal Upadhyay | (i) | Communist Party of India |
| (b) | Ashok Mehta | (ii) | Congress Party |
| (c) | Sardar Patel | (iii) | Socialist Party |
| (d) | A.K. Gopalan | (iv) | Bharatiya Jana Sangh |

**Options :**

(A) a-(ii), b-(iii), c-(i), d-(iv) (B) a-(iii), b-(ii), c-(iv), d-(i)

(C) a-(iv), b-(i), c-(iii), d-(ii) (D) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i)

**11.** Who among the following was the Chairman of the Drafting Committee of the Constituent Assembly ?

(A) Dr. Rajendra Prasad (B) Dr. Bhim Rao Ambedkar

(C) Pt. Jawaharlal Nehru (D) C. Rajagopalachari

*For Question number **12**, two statements are given — one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Read these statements carefully and choose the correct option as the answer from the options (A), (B), (C) and (D) given below.*

**12.** *Assertion (A) :* The Central Government appointed the States Reorganisation Commission in 1953 to look into the question of redrawing the boundaries of states.

*Reason (R) :* Many people were struggling for the formation of states on linguistic basis.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

## खण्ड ख

**13.** पारम्परिक सुरक्षा के एक अवयव के रूप में 'शक्ति संतुलन' की आवश्यकता का विश्लेषण कीजिए। *2*

**14.** 'आसियान शैली' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। *2*

**15.** वैश्वीकरण के किन्हीं दो राजनीतिक परिणामों की व्याख्या कीजिए। *2*

**16.** भारत के ऐसे किन्हीं दो प्रधानमंत्रियों के नाम लिखिए जिन्हें 1989 के बाद तीन बार प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। *2*

**17.** काँग्रेस को एक सतरंगा सामाजिक गठबंधन क्यों कहा जाता था ? स्पष्ट कीजिए। *2*

**18.** 1965 में हुए भारत – पाकिस्तान के युद्ध के कोई दो परिणाम स्पष्ट कीजिए। *2*

## खण्ड ग

**19.** "सुरक्षा की अपारम्परिक धारणा मानव सुरक्षा की धारणा ही है।" दो तर्कों की सहायता से कथन की पुष्टि कीजिए। *4*

**20.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के संगठन एवं वीटो पावर का वर्णन कीजिए। *4*

**21.** (क) 'गुट-निरपेक्षता की नीति' की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) भारत की परमाणु नीति की व्याख्या कीजिए। *4*

**22.** (क) शॉक थेरेपी का अर्थ और उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) शॉक थेरेपी के किन्हीं चार परिणामों को स्पष्ट कीजिए। *4*

**23.** 'काँग्रेस सिंडिकेट' शब्द का क्या अभिप्राय था ? सिंडिकेट से संबंधित किन्हीं चार महत्त्वपूर्ण नेताओं के नाम लिखिए। *4*

## SECTION B

**13.** Analyse the need of 'balance of power' as a component of traditional security. *2*

**14.** Explain the term 'ASEAN Way'. *2*

**15.** Explain any two political consequences of globalisation. *2*

**16.** Name any two Prime Ministers of India who were appointed as Prime Minister three times after 1989. *2*

**17.** Why was Congress known as a rainbow-like social coalition ? Explain. *2*

**18.** Explain any two results of the Indo – Pak war in 1965. *2*

## SECTION C

**19.** "Non-traditional view of security is all about human security." Justify the statement with the help of two arguments. *4*

**20.** Describe the composition and veto power of the UN Security Council. *4*

**21.** (a) Explain any two features of the 'Policy of Non-alignment'. *4*

**OR**

(b) Explain the Nuclear Policy of India. *4*

**22.** (a) Explain the meaning and purpose of Shock Therapy. *4*

**OR**

(b) Explain any four consequences of Shock Therapy. *4*

**23.** What was meant by the term 'Congress Syndicate' ? Name any four important leaders who belonged to the Syndicate. *4*

## खण्ड घ

**24.** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

"जयप्रकाश नारायण की अगुवाई में विपक्षी राजनीतिक दलों ने इंदिरा गाँधी के इस्तीफे के लिए दबाव डाला और इन दलों ने 25 जून 1975 को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक विशाल प्रदर्शन किया। जयप्रकाश ने इंदिरा गाँधी के इस्तीफे की माँग करते हुए राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह की घोषणा की और सेना, पुलिस और सरकारी कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे सरकार के "अनैतिक और अवैधानिक आदेशों" का पालन न करें।"

(i) 25 जून 1975 को जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में रामलीला मैदान के प्रदर्शन में निम्नलिखित में से कौन-सी पार्टी सम्मिलित ***नहीं*** हुई थी ?

(A) भारतीय जनसंघ

(B) भारतीय लोकदल

(C) सोशलिस्ट पार्टी

(D) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस

(ii) पार्टियाँ इंदिरा गाँधी का त्यागपत्र क्यों माँग रही थीं ?

(A) इंदिरा गाँधी ने अपनी कैबिनेट बदल दी थी।

(B) इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गाँधी के लोक सभा चुनाव को अवैध घोषित कर दिया था।

(C) इंदिरा गाँधी का मोरारजी देसाई से संघर्ष चल रहा था।

(D) इंदिरा गाँधी लोक सभा में बहुमत खो चुकी थीं।

(iii) 26 जून 1975 को क्या घटित हुआ था ?

(A) आन्तरिक आपातकाल घोषित किया गया था।

(B) लोक सभा भंग कर दी गई थी।

(C) इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को स्थानांतरित कर दिया गया था।

(D) भारत के गृहमंत्री ने त्यागपत्र दिया था।

(iv) 1975 में लोगों का मिजाज़ (मूड) काँग्रेस पार्टी के विरुद्ध क्यों हो गया था ?

(A) काँग्रेस समय से पूर्व चुनाव की तैयारी कर रही थी।

(B) काँग्रेस आतंकवाद पर नियंत्रण नहीं कर पाई थी।

(C) इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद इंदिरा गाँधी ने त्यागपत्र नहीं दिया।

(D) काँग्रेस सिंडिकेट मजबूत हो चुका था।

## SECTION D

**24.** Read the following passage carefully and answer the questions given below : *4×1=4*

"The opposition political parties led by Jayaprakash Narayan pressed for Indira Gandhi's resignation and organised a massive demonstration in Delhi's Ramlila grounds on 25 June 1975. Jayaprakash announced a nationwide satyagraha for her resignation and asked the army, the police and government employees not to obey "illegal and immoral orders.""

(i) Which one of the following parties had ***not*** joined the demonstration led by Jayaprakash Narayan at Ramlila Ground on 25 June 1975 ?

(A) Bharatiya Jana Sangh

(B) Bharatiya Lok Dal

(C) Socialist Party

(D) Indian National Congress

(ii) Why were the parties asking for the resignation of Indira Gandhi ?

(A) Indira Gandhi had changed her Cabinet.

(B) Indira Gandhi's election to the Lok Sabha was declared invalid by Allahabad High Court.

(C) Indira Gandhi had a conflict with Morarji Desai.

(D) Indira Gandhi had lost majority in the Lok Sabha.

(iii) What happened on 26 June 1975 ?

(A) Internal Emergency was declared.

(B) The Lok Sabha was dissolved.

(C) The Judges of the Allahabad High Court were transferred.

(D) The Home Minister of India resigned.

(iv) Why had the mood of people turned against the Congress Party in 1975 ?

(A) The Congress was preparing for an early election.

(B) The Congress could not control terrorism.

(C) Indira Gandhi did not resign after the decision of the Allahabad High Court.

(D) The Congress Syndicate had become stronger.

**25.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 13 पर), में चार राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ के रूप में अंकित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर, इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए : *4×1=4*

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |


(i) वह राज्य जिसे विभाजन के समय बाँटा गया और एक भाग भारत के पास रह गया था।

(ii) वह राज्य जिसे असम से काटकर बनाया गया था।

(iii) वह राज्य जो सरदार पटेल से संबंध रखता है।

(iv) वह राज्य जो 1966 में निर्मित किया गया।

प्रश्न सं. 25 के लिए


भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)
A
B
C
D
km
Scale 1:15000,000
km
100 50 0
100 200 300 400 500

**25.** In the given political outline map of **India** (on page 15), four States have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ. Identify these states on the basis of the information given below and write their correct names in your answer-book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabets given in the map as per the following format : *4×1=4*

| Serial number of the information used | Concerned alphabet given in the map | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |


(i) The state which was divided during partition and one part remained with India.

(ii) The state which was carved out of Assam.

(iii) The state to which Sardar Patel belonged.

(iv) The state which was created in 1966.

**For question no. 25**



**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **25** के स्थान पर हैं :* *4×1=4*

(25.1) 1972 में असम से काटकर अलग बनाए गए राज्य का नाम लिखिए।

(25.2) भारत के प्रथम उप-प्रधान मंत्री का नाम लिखिए।

(25.3) स्वतंत्रता से ठीक पहले भारत में कुल कितने रजवाड़े थे ?

(25.4) उस नेता का नाम लिखिए जिसने अलग राज्य 'आंध्र' की माँग को लेकर आमरण अनशन किया था।

**26.** नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4*

**नोट :** निम्नलिखित कार्टून चीन से संबंधित है।




(i) कार्टून में दिखाई गई लाल किताब में क्या दर्ज था ? *1*

(ii) कार्टून में दिखाए गए माओ कौन थे ? *1*

(iii) चीन में 'तब' से 'अब' तक आपको कौन-से दो परिवर्तन दिखाई देते हैं ? *2*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **26** के स्थान पर हैं :* *4×1=4*

(26.1) चीनी जनवादी गणराज्य (People's Republic of China) की स्थापना किस वर्ष में हुई थी ?

(26.2) चीन में कम्युनिस्ट क्रांति का नेतृत्व करने वाले नेता का नाम लिखिए।

(26.3) चीन के उस प्रधानमंत्री का नाम लिखिए जिसने आधुनिकीकरण के चार प्रस्ताव रखे।

(26.4) चीन में किस वर्ष कृषि का निजीकरण हुआ था ?

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***25*** *:* *4×1=4*

(25.1) Name the state which was carved out of Assam in 1972.

(25.2) Name the first Deputy Prime Minister of India.

(25.3) How many princely states were in existence in India just before independence ?

(25.4) Name the leader who undertook fast unto death demanding a separate state of 'Andhra'.

**26.** Study the cartoon given below carefully and answer the questions that follow : *4*

***Note :*** The following cartoon is related to China.




(i) What was contained in the Red Book shown in the cartoon ? *1*

(ii) Who was Mao as shown in the cartoon ? *1*

(iii) What two changes do you find in China from 'Then' to 'Now' ? *2*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***26*** *:* *4×1=4*

(26.1) In which year did the inception of the 'People's Republic of China' take place ?

(26.2) Name the leader who led the Communist Revolution in China.

(26.3) Name the Premier of China who proposed the four modernisations.

(26.4) In which year was agriculture privatised in China ?

## खण्ड ङ

**27.** (क) नेपाल में राजशाही से लोकतंत्र में परिवर्तित होने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) दक्षिण एशिया की किन्हीं तीन घटनाओं का यह सिद्ध करने के लिए वर्णन कीजिए कि दक्षिण एशिया में लोकतंत्र लोगों की पहली पसंद है। *6*

**28.** (क) पर्यावरण के प्रति एक सरोकार के रूप में "साझी परंतु अलग-अलग ज़िम्मेदारियाँ" के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) पर्यावरण को निम्नीकरण से बचाने के लिए किए गए किन्हीं तीन अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण आंदोलनों की व्याख्या कीजिए। *6*

**29.** (क) असम में बाहरी लोगों के विरुद्ध हुए आंदोलन के किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) स्वतंत्रता के तुरंत बाद तनाव के किन्हीं तीन मुद्दों का विश्लेषण कीजिए जिन्होंने भारत की एकता और अखण्डता के लिए खतरा उत्पन्न किया। *6*

**30.** (क) ऐसी किन्हीं दो राजनीतिक घटनाओं का वर्णन कीजिए जिनके कारण अन्य पिछड़ी जातियों का राजनीतिक उदय हुआ। *6*

**अथवा**

(ख) 1989 के बाद भारतीय राजनीति में आए किन्हीं तीन परिवर्तनों का वर्णन कीजिए। *6*

## SECTION E

**27.** (a) Describe the process of Nepal's transition from monarchy to democracy. *6*

**OR**

(b) Describe any three events of South Asia to prove that democracy is the first choice of the people in South Asia. *6*

**28.** (a) Explain the principle of "Common but Differentiated Responsibilities" as an approach to environment. *6*

**OR**

(b) Explain any three international environmental movements to protect the environment from degradation. *6*

**29.** (a) Analyse any three reasons for the movement against outsiders in Assam. *6*

**OR**

(b) Analyse any three issues of tension immediately after independence that posed a threat to the unity and integration of India. *6*

**30.** (a) Describe any two political developments that led to the political rise of OBCs (Other Backward Classes). *6*

**OR**

(b) Describe any three changes in Indian politics since 1989. *6*